# हक की लड़ाई, शांति और स्वाभिमान के साथ

## दिव्यांगों ने कहा- कलेक्टर हमें भोजन कराएं या हम उन्हें बनाकर खिलाएं






नवभारत न्यूज

**गुना, 20 जुलाई. जिले में रविवार को एक अनोखा और शांतिपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला, जब दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्वाभिमान अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि इसमें नारेबाजी, सडक जाम या धरना नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठकर भोजन करने की रणनीति अपनाई गई है।**

इसी के तहत पहले दिन दिव्यांगजन कलेक्टर निवास के बाहर पहुंचे और प्रतीकात्मक रूप से कहा - या तो कलेक्टर हमें भोजन कराएं या हम उन्हें बना कर खिलाएं। दरअसल सुबह से ही दर्जनों दिव्यांगजन अपने तय कार्यक्रम के तहत कलेक्टर निवास के सामने एकत्रित हो गए। हालांकि, सुरक्षा कारणों से उन्हें बंगले के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया, लेकिन वे शांतिपूर्वक बाहर ही बैठ गए और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सूचना मिलते ही एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा और कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बातचीत के बाद सभी दिव्यांगों को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में ले जाया गया। यहां प्रशासन द्वारा सभी के भोजन की व्यवस्था की गई और होटल से खाना मंगवाकर परोसा गया। इस दौरान कलेक्टर भी वहां पहुंचे और उपस्थित दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय स्तर पर संभव सभी मांगों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। इस दौरान कलेक्टोरेट में एकता का नजारा देखने को मिला जब एक दिव्यांग की सायकिल पंचर हो गई, तो दूसरे दिव्यांग ने कलेक्टोरेट ने उसकी सायकिल की पंचर बनाई। दिव्यांगजन इस आंदोलन को 'स्वाभिमान प्रदर्शन' कह रहे हैं, जिसमें वे किसी से टकराव नहीं, बल्कि संवाद की राह अपना रहे हैं। उनका कहना है कि वे अपने हक के लिए विनम्रता से लड़ रहे हैं, ताकि समाज को यह संदेश मिले कि अधिकार मांगने की भी गरिमा होती है।

### इनका कहना है...

दिव्यांगजनों का अपनी मांगों को लेकर अनोखी पहल की थी। उनकी कोशिश थी कि अधिकारी-जनप्रतिनिधियों के घर जाकर खाना के साथ अपनी मांगें रखी। चूंकि प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कई सारी चीजें होती हैं। आपको वो बातें कहनी है जो ऑफिशियल होती है तो उसके लिए ऑफिस ही सबसे अच्छी जगह होती है। मुझे खुशी है उन्होंने मेरी बातें माने। आज हमने उनकी बातें सुनी और अपना पक्ष भी रखा। दिव्यांगों की मांगों को लेकर डाटाबेस बनाएंगे और जो भी उनके मुद्दे हैं उनका निराकरण करने की कोशिश करेंगे। लोकल मुद्दे हम जल्द बैठककर हल करने की कोशिश करें, जबकि प्रदेश स्तर के मुद्दे हम प्रदेश में भेजेंगे। कोई भी बात हवा में न हो, डाटाबेस के साथ काम करेंगे। हमने उनके साथ लंच भी किया है वह संतुष्ट हैं।

**किशोर कन्याल, कलेक्टर गुना**

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में युवती गिरी, मौत

**बैतूल. बैतूल रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही युवती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि उसे बचाने की कोशिश में एक युवक घायल हो गया।**

जानकारी के अनुसार, मैसूर से जयपुर जा रही मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस बैतूल रेलवे स्टेशन पर रुकी थी। ट्रेन के बी3 कोच में सफर कर रही जयपुर निवासी अमृता नायर, जो एक निजी नर्सिंग कॉलेज की सेकंड ईयर की छात्रा थी, स्टेशन पर पानी और चिप्स लेने के लिए नीचे उतरी थी। ट्रेन के रवाना होते ही अमृता ट्रेन की ओर भागी और चढ़ने की कोशिश की। इस दौरान कोच के दरवाज़े पर खड़े एक युवक ने उसे हाथ भी दिया, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फिसल गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# हाईवे : गौवंश पर चढ़ा ट्रक, 3 गायों की मौत

## नरसिंहगढ़-कुरावर मार्ग स्थित झाडला जोड़ पर हुआ हादसा, घटना के बाद चालक फरार

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/कुरावर 20 जुलाई. हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, सड़क, चौराहों पर रहने को मजबूर है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की दर्दनाक मौत हो रही है. ताजा घटनाक्रम में नरसिंहगढ-कुरावर के मध्य झाडला जोड़ के यहां बीती रात्रि को अज्ञात वाहन की टक्कर से 3 गायों की दर्दनाक मौत हो गई. ट्रक के साथ एक गाय 200 मीटर तक घिसटाते हुए गई. घटना के बाद वाहन लेकर चालक मौके पर से फरार हो गया.**



जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि करीब 2 बज झाडला जोड़ स्थित हाईवे पर बैठे गौवंश को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया. जिससे 2 गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

### केबिन में फंसी गाय

वाहन की टक्कर से गौवंश की दर्दनाक मौत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक गाय ट्रक के केबिन में फंस गई, ट्रक के साथ करीब 200 मीटर तक गाय घिसटाते हुए गई. आसपास होटल पर कुछ लोग आवाज सुनकर जाग उठे जब तक वह वाहन के समीप पहुंचते चालक द्वारा ट्रक में फंसी गाय को निकालकर वाहन लेकर फरार हो गया. गाय ने मौके पर दम तोड़ दिया.

### टोल प्लाजा कर्मचारियों की ड्यूटी

जानकारी के अनुसार हाईवे पर रहने वाले गौवंश को एक ओर सुरक्षित करने हेतु टोल प्लाजा द्वारा अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हुई है. बताया जाता है कि भोपाल से झाडला जोड़ तथा ब्यावरा से झाड़ला जोड़ के बीच दो वाहन सतत् रुप से हाईवे की देखरेख में रहते है. इन पर तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है कि हाईवे पर मौजूद बेसहारा गौवंश को एक ओर करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं से उनको बचाया जा सके किंतु देखने में आता है कि हाईवे पर सैकड़ो की संख्या में गौवंश के झुंड के झुंड देखे जा सकते है.



# पहले दिखाए बड़े-बड़े सपने, अब सड़क भी नसीब नहीं

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 20 जुलाई. शहर और उसके आसपास कालोनाईजर अवैध कालोनियों को काटने के पहले लोगों को कई सपने दिखाते है और जब कालोनी कट जाती है और प्लाट बिक जाते हैं जिसके बाद कालोनाइजर लापता हो जाते हैं. और यहां पर रहने वाले लोग जरूरत की सुविधाओं के लिए परेशान होते नजर आते हैं.**

सड़क, पानी, बिजली और सुरक्षा के लिए नपा और प्रशासन के अधिकारियों के चक्कर लगाते रहते हैं. अभी जब से बारिश का दौर शुरू हुआ तब से करीब एक दर्जन से ज्यादा कालोनियों के रहवासी और परेशानियों को लेकर कलेक्टर के पास पहुंच चुके हैं. अधिकांश रहवासियों की यही शिकायत है कि उनको कालोनी में वह सुविधाएं नहीं मिल रही है जिनका वादा कर कालानियों में प्लाट बेंचा गया था.

# मूंग खरीदी केंद्रों में अनियमितताओं की शिकायत

नवभारत न्यूज

**गौरझामर, 20 जुलाई. समर्थन मूल्य पर मूंग देने के लिए किसानों को खरीदी केंद्रों पर परेशान होना पड़ रहा है.**



जानकारी के अनुसार कई दिनों तक ट्रैक्टरों में अनाज भरकर वेयरहाउस में वक्त गुजारना पड़ रहा है. समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है लेकिन केंद्र संचालकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है. बताया जा रहा है कि खरीदी केंद्र संचालक द्वारा किसानों की जगह व्यापारियों को फायदा दिया जा रहा है.

गौरझामर मूंग खरीदी केंद्र, बूठे वेयरहाउस केसली रोड पर सेवा सहकारी समिति चरगुंवा व सेवा सहकारी समिति वोरिया केंद्र पर किसानों ने आरोप लगाया है कि मूंग खरीदी केंद्र पर हर एक किसान से 300 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली की जा रही है. इसके बाद ही खरीदी की जा रही है.

केंद्रों पर होने वाली धांधली को रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है. बिना छानी मूंग खरीदी जा रही है. जानकारी के अनुसार किसानों से मूंग खरीदी के एवज में लिए जा रहे है सैकड़ो रुपए, किसान गर्मियों में मूंग की फसलों को तैयार करते है जिसको सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है, जिसमें समिति प्रबंधक द्वारा कचरा के नाम पर 300 से 500 रुपए प्रति क्विंटल लिया जा रहा है. मामला गौरझामर के बूठे वेयर हाउस का है, किसान ने बताया कि मूंग को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए 300 से 500 रुपए प्रति क्विंटल लिया जा रहा है.

# गबन के आरोपी प्राचार्य का जिले से बाहर तबादला

नवभारत न्यूज

**बाड़ी, 20 जुलाई. शिक्षा विभाग के संकुल केन्द्र शास. कन्या उ. मा.शाला बाड़ी में पदस्थ प्राचार्य का जिले से बाहर तबादला कर दिया गया है. विवादास्पद कार्यप्रणाली से हमेशा विवादों और आरोपों से घिरे रहने वाले प्राचार्य पर गबन के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज है. आश्चर्यजनक है कि प्राचार्य के स्थानांतरण आदेश को भोपाल से रायसेन पहुंचने में दो माह का समय लग गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार संकुल केन्द्र शास कन्या उ. मा.शाला बाड़ी में पद्स्थ प्राचार्य घनश्याम मेहर का सीहोर जिले के भैरुंदा विकासखंड अंतर्गत शास. उ.मा .शाला गोपालपुर में स्थानांतरण कर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार स्थानांतरित प्राचार्य चिकित्सा अवकाश लेकर स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराने की जुगत भिड़ाने में लगे हैं.

आश्चर्यजनक है कि 28 मई 2025 को स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव कमल सोलंकी व्दारा हस्ताक्षरित स्थानांतरण आदेश क्रमांक 789/ 2582165/ 2025/20-1 को रायसेन जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय तक पहुंचने में दो माह का समय लग गया. जबकि वर्तमान में अमूमन सभी आदेश डिजिटल माध्यमों से भेजे जा रहे हैं.

## बिजली का तार टूटकर गिरने से गाय की मौत, महिला घायल

**मुंगावली, 20 जुलाई.** रविवार की सुबह 6 बजे अचानक से बिजली तार टूटकर जमीन पर गिर गया और इसकी चपेट में एक गाय आई, जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई, उसे ग्रामीणों की मदद से बचाया गया। वही इस हादसे के बाद ग्रामीणों में गुस्सा आ गया और उन्होंने बीना मुंगावली मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जो घंटों बंद रहा।

चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों तरफ काफीलम्बा जाम लग गया और कई मुसाफिर इस जाम में घंटो फंसे रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जब इस घटना की जानकारी बिजली कर्मियों को दी गई तो उनका कहना था कि ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती है।

# ओवरलोड मिले ऑटो चालकों पर कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**सीहोर, 20 जुलाई. इन दिनों शहर में श्रावण मास को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. ऐसे में कई ऑटो चालक क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर उनकी जिंदगियों को दांव पर लगा रहे हैं. रविवार को यातायात प्रभारी द्वारा अनेक ओव्हरलोड ऑटो पकड़े और चालानी कार्रवाई की गई.**

यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में राजमार्ग पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई.

यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिना परमिट हाईवे पर चल रहे सवारी ऑटो, क्षमता से अधिक सवारी भरकर ऑटो चला रहे वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 50 सवारी ऑटो को चेक किया गया. जिसमें से दस्तावेज संबंधी एवं अन्य कमियां पाई जाने पर 17 सवारी ऑटो पर चालानी कार्यवाही की गई. जिससे समन शुल्क 8 हजार 800 वसूला गया. यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिना परमिट एवं ओवरलोडिंग सवारी ऑटो के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी.

# प्रतिबंध के बावजूद हो रहा रेत का अवैध कारोबार

**मोहनगढ़ क्षेत्र के कौड़िया गांव के लोग कारोबार में संलिप्त**

**नवागत तहसीलदार ने दिया जांच का आश्वासन**



नवभारत न्यूज

**मोहनगढ़, 20 जुलाई. वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र अवैध खनन को लेकर जिले में प्रथम पायदान पर माना जाता है, बीते दिनों जिले में हुई तेज बारिश की वजह से नहर से तालाब जोड़ो परियोजना हरपुरा नहर जगह- जगह क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर सामने आई थी। बारिश के कारण कौड़िया गांव के आस -पास खेतों में नदी की रेत आ जाने के कारण स्थानीय लोग रेत का कारोबार अवैध तरीके से कर रहे है। इस कारोबार में खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रेत का कारोबार कर रहे लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।**

दरअसल मोहनगढ़ क्षेत्र के कौड़ियां गांव के पास हरपुरा नहर के क्षतिग्रस्त हो जाने से नहर का पानी आसपास के राजस्व एरिया के साथ निजी खेतों से होकर बह रहा है, जिससे आसपास के इलाके में काफी मात्रा में रेत का एकत्रीकरण हो चुका है। बीते दो दिनों से खनन माफियाओं के द्वारा अवसर देखकर सैकड़ो ट्रॉली अवैध रेत का खनन कर उसे बेचने का काम जोरो पर कर रहे हैं।

## नुक्कड़ नाटक में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**श्यामपुर.** थाना अन्तर्गत नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कस्बे में आमजन के मध्य नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी संध्या मिश्रा द्वारा नशामुक्ति जन जागृति कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूर के अन्तर्गत बस स्टैंड श्यामपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया.

नाटक द्वारा मुख्य रूप से समाज में बढ़ रहे नशे के प्रचलन के कारणों के संबंध में चर्चा की गई. साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया. नशामुक्ति संबंधी पोस्टर व पम्पलेट का वितरण किया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई.

# चोरी के शक में आदिवासी युवकों से बर्बरता

## छतरपुर में चार युवकों की शिकायत पर 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 20 जुलाई. छतरपुर जिले के नौगांव में पुलिस पर आदिवासी युवकों से मारपीट और गुप्तांग में मिर्च डालने के गंभीर आरोप लगे हैं.**

आदिवासी युवकों की मां गौरा आदिवासी ने बताया कि मेरे बच्चे सब्जी लेने गए थे, वही से नौगांव की पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. और चोरी का इल्ज़ाम लगा कर उन्हें बहुत मारा जिसमें से मेरा एक बेटा लापता है उसे मार दिया कि वो डर से कहीं भाग गया, मुझे नहीं पता. मुझे मेरा बच्चा वापस चाहिए और सरकार से हम न्याय चाहते है.

इस घटना के बाद भीम आर्मी के लोग पीड़ित आदिवासी युवकों के साथ छतरपुर के एस पी ऑफिस के बाहर शनिवार शाम 6 बजे धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार मौके पर पहुंचे और मारपीट की बात को स्वीकार किया साथ ही घटना की जांच का आश्वासन दिया है. वहीं शनिवार रात 2 बजे यह धरना समाप्त हुआ.

युवकों के साथ गंभीर रूप से मारपीट की गई. नग्न करके उन्हें बेल्टों और डंडों से पीटा गया.

## एक नजर में



### ननि में ईएसआईसी शिविर का आयोजन

**सागर.** नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में राज्य कर्मचारी बीमा निगम सागर शाखा प्रबंध मुकेश शर्मा ने बताया कि कर्मचारी को चिकित्सा बीमारी मातृत्व रोजगार चोट एवं मृत्यु की स्थिति में नगद भुगतान का लाभ मिलेगा. निगम संस्थानों में जो एजेंसी /ठेकेदारों द्वारा अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, शीघ्र करावे जिसे वह देय जुर्माने बच सके. शिविर में सहायक लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी, सहायक आयुक्त तबस्सुम खान, नीतू तिवारी, चंद्रविजय गौर, मोनू शुक्ला, रोहित तिवारी अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

### विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल से होने वाले नुकसान गिनाए

**राजगढ़.** केरिअर कान्वेंट स्कूल राजगढ़ में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अपने परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने, नशा नहीं करने तथा जो लोग नशा करते हैं उन्हें इसकी आदत छुड़वाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया. आज का कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस के आदेश के परिपालन में संस्था में उपस्थित हुए इंस्पेक्टर संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति में अपना सहयोग देने की शपथ दिलाई. बच्चों को अपराध की श्रेणियों से परिचय कराया तथा मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहने की भी समझाईश दी. इस अवसर पर संस्था के संचालक राकेश पाण्डे ने भी बच्चों को समझाते हुए कहा कि एक नशा मुक्त तथा अपराध मुक्त शिक्षित नागरिक ही देश को मजबूत बना सकता है.




### प्रशिक्षण में किसानों को बताए मधुमक्खी पालन के तरीके

**सीहोर.** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नेशनल बी कीपिंग हनी मिशन के तहत स्थित आरएके कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने किया. कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों को मधुमक्खी पालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन, उनका जीवन चक्र, आर्थिक महत्व सहित अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही पैकेजिंग, विपणन, मधुमक्खी के छत्ते एवं कॉलोनियों के रख-रखाव के बारे में भी बताया गया. सेमिनार में डॉ. मोहमद यासीन, डॉ राजेश वर्मा, डॉ.दीपक कुशवाहा, डॉ आरके धाकड़ सहित अन्य अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे.

### सांप्रदायिक सद्भाव व राष्ट्रीय एकता पर हुयी संगोष्ठी

**विदिशा.** स्थानीय सेंट मेरी पीजी कॉलेज में विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जिला सर्वोदय मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई. संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गांधीवादी चिंतक सर्वोदय मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राम धीरज थे जबकि अध्यक्षता फादर सीनटो वर्गीज द्वारा की गई.इस अवसर पर राम धीरज ने छात्रों का आवाहन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को पारस्परिक प्रेम और सद्भाव से बनाए रखना जरूरी है ,सृष्टि में जिसने भी जन्म लिया उसे जीने का अधिकार है उसमें कोई छोटा या बड़ा नहीं है सब धर्म सामान हैं .आज विश्व हिंसक दौर से गुजर रहा है, ऐसे में गांधी और विनोबा के अहिंसआत्मक विचारों से ही शांति स्थापित हो सकती है.

**कावड़ यात्रा** | **कावड़ यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, केन्द्रीय राज्यमंत्री**

# छोटा महादेव भोपाली में कावड़िये करेंगे भगवान शिव का अभिषेक

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 20 जुलाई. श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर समिति खंजनपुर द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में 300 से अधिक शिवभक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली।**



श्रद्धालु जल लेकर पदयात्रा करते हुए छोटा महादेव भोपाली पहुंचेगे, जहां आज भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। कावड़ यात्रा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, भोला खंडेलवाल, पर्वतराव धोटे भी शामिल हुए। खंजनपुर दुर्गा वार्ड के से शुरू हुई श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर से शुरू हुई कावड़ यात्रा नागदेव मंदिर, गणेश चौक, शिव मंदिर कोठीबाजार, कमानी गेट होते हुए भोपाली छोटा महादेव के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा में गुड्डू मिश्रा, पार्षद संतोष भलावी, यशवंत पवार, सुनील नाहारिया सहित शिवभक्त एवं गण्यमान्य गाजे-बाजे के साथ में भोपाली के लिए रवाना हुए।

कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान कमानी गेट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पावर, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बरसाकर और नवीन तातेड़ विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कावड़ यात्रा निकालकर किया भोलेनाथ का अभिषेक

मुलताई। नगर के नेहरू वार्ड में स्थित नागदेव मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी सावन मास में रविवार को नागदेव मंदिर से कावड़ एवं कलश यात्रा निकाली, जो बाजे गाजे के भगवान भोलेनाथ एवं मन ताप्ती के जयकारे लगाते हुए ताप्ती तट पहुंची। जहां पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा मां ताप्ती का पूजन कर कलश में ताप्ती जल भरकर अच्छी बारिश एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कमना को लेकर ताप्ती तट स्थित शिवालयो में मां ताप्ती जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। जिसके बाद यात्रा ताप्ती जल लेकर नागदेव मंदिर पहुंची, जहां भर पूजन एवं महाआरती कर भंडारा प्रसादी वितरित की।